समाहरणालय, बाँका

(जिला बाल संरक्षण इकाई)

विज्ञापन सं0–01/2026

सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के मार्गदर्शिका ज्ञापांक–748, दिनांक–24.04.2026 एवं पत्रांक–749, दिनांक –24.04.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सों नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों का अस्थायी पदों पर सूचीबद्धता (Empanelment) करने हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है।

Sl. No	Name of post	Number of Post	Category (रिक्त पदों की सं0)	Minimum educational Qualification	Work Experience	Age	Remuneration
1	सहायक व्यक्ति	20	अनुसूचित जाति/जनजाति–5 (पुरूष–3, महिला–2) पिछड़ा/अतिपिछड़ा–4 (पुरूष–3, महिला–1) अल्पसंख्यक–4 (पुरूष–3, महिला–1) अन्य/सामान्य–7 (पुरूष–4, महिला–3)	सामाजिक कार्य (MSW)/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/बाल विकास या विधि में स्नातकोत्तर या बाल अधिकार/परामर्शन में डिप्लोमा के साथ किसी भी संकाय में स्नातक की डिग्री के साथ–साथ तीन वर्ष का कार्य अनुभव।	बाल अधिकार/बाल संरक्षण/विधिक कार्य/ सामाजिक कार्य/बाल मनोविज्ञान परामर्शदाता /समाजशास्त्र/ मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम–से–कम तीन वर्ष का वांछनीय कार्य अनुभव। जिला विधिक सेवा प्राधिकार/बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार/जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति/ किशोर न्याय बोर्ड/पॉक्सो न्यायालय अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं में कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।	न्यूनतम 30 वर्ष अधिकतम 65 वर्ष (राज्य में बाल कल्याण समिति के सदस्य के चयन हेतु निर्धारित उम्र सीमा लागू होगी)	9000/– (नौ हजार रूपये मात्र) प्रति पॉक्सो वाद पर देय होगा (तीन किस्तों में)

1. भारत के नागरिक होना चाहिए।
2. बाँका जिले का निवासी होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी का पूर्ववर्ती इतिहास स्वच्छ होना चाहिए। इनके विरूद्ध भारत में कही भी अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं रहना चाहिए। वे कभी भी नैतिक दुराचार (Moral Turpitude) दोषी नहीं हों। इस आशय का उन्हें शपथ–पत्र समर्पित करना होगा।
4. बाल संरक्षण अथवा बाल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे किसी संस्थान से निष्काशित अथवा ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
5. उपरोक्त पद पॉक्सो मामले पर अधारित अस्थायी (दो वर्ष के लिए सूचीबद्धता किया जाएगा) पद होंगे।
6. विज्ञापन की विवरणी एवं विहित प्रपत्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से जिला प्रशासन, बाँका के बेवसाइट https:// banka.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
7. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों तक निबंधित डाक/ई–मेल (adcpbanka@gmail.com) से आवेदन पत्र निम्न पते पर भेजें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

पता :– सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वितीय तल समाहरणालय परिसर, बाँका, पिन–813102

8. आवेदक आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।
9. आयु की गणना 01.05.2026 से की जाएगी।
10. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता एवं चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
11. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
12. साक्षात्कार की तिथि की सूचना एवं सहायक व्यक्तियों का सेवा एवं कर्त्तव्य से संबंधित मार्गदर्शिका जिला बाल संरक्षण इकाई, बाँका के कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला प्रशासन, बाँका के बेवसाइट https:// banka.nic.in पर प्रदर्शित रहेगा।
13. उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मनोनयन सूची आदि का प्रकाशन समय–समय उक्त बेवसाइट एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा।
14. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाँका के पास सुरक्षित रहेगा।
15. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण–पत्र देने पर उनका मनोनयन कभी भी रद्द किया जा सकता है।
16. कार्य करने के दौरान प्रतिकूल आचरण पाए जाने पर मनोनयन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

18/06/26

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
बाँका।